Email - sonekikalam@gmail.com
आर.एन.आई. रजि. नं. 52089/91

# सोने की कलम

प्रधान सम्पादक – चेतन गन्धे , 9893157809
www.sonekikalamnews.com

वर्ष - 33 अंक - 43 (साप्ताहिक ) इन्दौर, 5 दिसम्बर से 11 दिसम्बर 2024 , गुरुवार मूल्य 1 रुपये पृष्ठ 4

# शपद लेते ही एक्शन में सीएम देवेंद्र फडणवीस

## पहली कैबिनेट बैठक में बड़ा फैसला

**महाराष्ट्र। महाराष्ट्र चुनाव रिजल्ट के 13 दिन बाद नई सरकार बन गई है। देवेंद्र फडणवीस ने 10 साल में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ऐसा करने वाले वह भाजपा के पहले नेता हैं। शपथ के बाद वे प्रधानमंत्री मोदी के पास गए और अभिनंदन किया।**







फडणवीस के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ से पहले उन्होंने बालासाहेब ठाकरे और आनंद दिघे का नाम लिया। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह को धन्यवाद दिया। वे राज्य के दूसरे नेता हैं जो मुख्मयंत्री के बाद उपमुख्यमंत्री बने।

शिंदे के बाद एनसीपी नेता अजित पवार ने उप मुख्यमंत्री की शपथ ली। वह छठी बार राज्य के उप मुख्यमंत्री बने हैं। वह महायुति और महाविकास अघाड़ी दोनों गठबंधन की सरकार में उप मुख्यमंत्री रहने वाले महाराष्ट्र के पहले नेता बन गए हैं।

शपथ के आधे घंटे बाद फडणवीस, शिंदे और अजित मंत्रालय पहुंच गए। पहली कैबिनेट मीटिंग में देवेंद्र फडनवीस ने पुणे के मरीज चंद्रकांत शंकर कुरहाडे को इलाज के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा राहत कोष से 5 लाख रुपए की सहायता देने का फैसला लिया।

## योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान

# 500 साल जो पहले बाबर ने किया, आज वहीं संभल और बांग्लादेश में हो रहा

**अयोध्या। 43वें रामायण मेला के उद्घाटन पर अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल हिंसा में शामिल उपद्रवियों पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जो काम 500 साल पहले बाबर के सिपेहसालार ने किया था, यह आज संभल और बांग्लादेश में हो रहा है।**

योगी ने आरोप लगाया कि इन घटनाओं में शामिल उपद्रवियों का डीएनए एक ही है। राम के प्रति श्रद्धा नहीं रखने वालों को दुश्मन की तरह त्याग देना चाहिए।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संभल और बांग्लादेश की हिंसा की घटनाओं में शामिल उपद्रवियों का डीएनए एक है। यह बाबर के



एक सिपेहसालार की तरह व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रभु श्री राम ने भारत को जोड़कर रखा था। अयोध्या की धरती की पहचान भारत वर्ष में प्रभु राम के प्रति श्रद्धा की है।

मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि उन लोगों को अपना कट्टर दुश्मन मानकर त्याग दें, जिनके अंदर भगवान राम और जानकी माता के प्रति श्रद्धा नहीं है।

# बूंद-बूंद जल बचाने का अभियान प्रशंसनीय – मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वर्षा जल को संग्रहित कर भूगर्भ में जल भंडारण क्षमता के विकास के लिए चलाई जा रही 'कर्मभूमि से जन्मभूमि' योजना एक अभिनव पहल है। इस योजना में गुजरात में रहकर व्यापार करने वाले अन्य प्रदेशों के व्यापारियों द्वारा स्वयं के संसाधनों से अपने राज्यों में बोर लगवाने का काम किया जा रहा है।**

मध्यप्रदेश के सतना जिले में इस योजनान्तर्गत कार्य आरम्भ हो गया है। प्रसन्नता की बात है कि योजना में पूरे प्रदेश में 15 हजार बोर लगाने का लक्ष्य है। शासकीय संसाधनों के बिना गुजरात व्यापार करने वाले व्यापारियों की भागीदारी से चल रहा बूंद-बूंद जल बचाने का यह अभियान प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को श्रम शक्ति भवन नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल और राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के साथ 'कर्मभूमि से जन्मभूमि' कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर त्रिपक्षीय बैठक की।

# श्रीमदभगवद् गीता स्वधर्म और कर्तव्य पथ का करती है मार्ग प्रशस्त – मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## 8 से 12 दिसंबर तक सभी जिलों में होंगे कार्यक्रम

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार 11 दिसंबर को गीता जयंती पर पूरे प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव मनाया जायेगा। उज्जैन में 8 से 12 दिसंबर तक कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में महोत्सव होगा। राजधानी भोपाल में 11 दिसंबर को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में मुख्य समारोह होगा।**

इंदौर के लता मंगेशकर सभागार में सांस्कृतिक संध्या होगी। जिला मुख्यालयों में श्रीकृष्ण परंपरा आधारित सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ जिला कारागार में श्रीमदभागवद् गीता के कर्मयोग अध्याय का पाठ किया जायेगा।

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित




अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ख्यात गीतकार श्री मनोज मुन्तशिर, मोटिवेशनल स्पीकर श्री विवेक बिन्द्रा, गायिका स्वस्ति मेहुल, साधो बैण्ड सहित कई वैष्णव परंपरा आधारित सांस्कृतिक नाट्य दलों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। इसके अलावा संपूर्ण मध्यप्रदेश में गौ एवं गोपाल तथा श्रीमदभवद् गीता पुराण आधारित चित्र प्रदर्शनी लगायी जायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण भारत में नवजागरण, उत्कर्ष और राष्ट्रीय अस्मिता के उज्ज्वल प्रतीक हैं। वे योगीराज-युगपुरुष-न्याय प्रिय-जगतगुरु हैं। वे साहित्य, संस्कृति, विज्ञान, गौवंश, कृषि और जल संवर्धन के प्रेरक तथा भारतीय सांस्कृतिक प्रभामंडल के सर्वमान्य प्रतीक हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण से प्रेरणा के लिए श्रीकृष्ण पाथेय योजना आरंभ की गई है। यह योजना भगवान श्रीकृष्ण की मथुरा से लेकर उज्जैन, अमरावती, कुरुक्षेत्र, द्वारिका क्षेत्रों की यात्राओं तथा इन यात्राओं के दौरान भगवान श्रीकृष्ण द्वारा युगपरिवर्तनकारी कार्यों की फिर से पहचान और उनकी अद्वितीय विरासत से समाज के विकास का पथ खोजना मध्यप्रदेश सरकार का संकल्प है।

## उपग्रहों का प्रक्षेपण गौरवपूर्ण उपलब्धि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इसरो की नई उपलब्धि भारतीयों का गर्व बढ़ा रही है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ईएसए के साथ मिलकर पीएसएलवी-सी 59 के माध्यम से पीआरओबीए-3 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए इसरो की पूरी टीम और समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई दी है।




## संपादकीय

# एक हैं तो आगे बढ़ेंगे, नहीं तो ठहर जाएंगे



चेतन गन्धे
9893157809
सम्पादक

समाज में हर व्यक्ति का अपना रास्ता और अपने लक्ष्य होते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या हम अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए सही दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं? आज के समय में जब हर क्षेत्र में परिवर्तन और सुधार की आवश्यकता है, तब यदि हम खुद को बदलने का साहस नहीं दिखाते, तो हम वहीं के वहीं खड़े रह जाएंगे।

सिर्फ अच्छा सोचने से कुछ नहीं होता; जरूरी है उसे लागू करने का जज्बा रखना। जो लोग अपनी स्थिति से संतुष्ट हो जाते हैं, वे कभी भी आगे नहीं बढ़ पाते। वहीं, जो खुद में सुधार लाने की कोशिश करते हैं, उन्हें ही सफलता का असली स्वाद मिलता है। हर छोटे बदलाव से ही बड़ी सफलता की नींव रखी जाती है।

समाज में बदलाव की आवश्यकता को नकारा नहीं जा सकता। चाहे वह शिक्षा का स्तर हो, स्वास्थ्य व्यवस्था या सामाजिक न्याय—हर पहलू में सुधार की जरूरत है। लेकिन यह सुधार तभी संभव है जब हम खुद को बदलने के लिए तैयार हों। क्या आप तैयार हैं? क्या आप तैयार हैं अपने जीवन में उस बदलाव को लाने के लिए जो समाज में सकारात्मक बदलाव का कारण बने?

याद रखें, जब तक हम खुद नहीं बदलेंगे, तब तक समाज में बदलाव की उम्मीद नहीं की जा सकती। यह रास्ता कठिन जरूर है, लेकिन जो एक कदम भी आगे बढ़ाता है, वही अंततः मंजिल तक पहुंचता है।

समाज में सुधार के लिए जरूरी है कि हम खुद को सुधारने का प्रण लें, क्योंकि परिवर्तन हमेशा अंदर से शुरू होता है। जब एक व्यक्ति उठकर सही दिशा में कदम बढ़ाता है, तो वही पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है।

हमारे समाज में कई लोग ऐसे हैं जो बदलाव की राह पर चलने के बजाय अपनी स्थिति से संतुष्ट रहते हैं। वे यह मानते हैं कि जो कुछ है, वही ठीक है, और इसके अलावा कुछ नहीं बदल सकता। लेकिन यह सोच निराशाजनक और गलत है। इतिहास में जब भी बदलाव आया है, तो वह उन्हीं लोगों की वजह से आया है जिन्होंने अपने भीतर बदलाव लाने का साहस दिखाया। एक व्यक्ति, जो अपने काम में ईमानदारी और समर्पण से आगे बढ़ता है, वह न केवल अपनी जिंदगी बदलता है, बल्कि वह समाज में सकारात्मक बदलाव का कारण भी बनता है।

आखिरकार, यह हम पर निर्भर है कि हम अपने जीवन और समाज को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं। अगर हम खुद को बदलने का दृढ़ संकल्प करते हैं, तो समाज में बदलाव की प्रक्रिया भी तेज होगी। याद रखें, **'एक हैं तो आगे बढ़ेंगे, नहीं तो ठहर जाएंगे'** परिवर्तन खुद से शुरू होता है। और जब एक व्यक्ति बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाता है, तो उसे देखकर दूसरे भी प्रेरित होते हैं। यही वह समय है जब हम समाज के लिए कुछ सकारात्मक कर सकते हैं।

# चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय को बनाया जाएगा प्रदेश का सबसे बेहतर और मॉडल हॉस्पिटल

## कलेक्टर, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों ने लिया जीर्णोद्धार कार्य का जायजा



**◆इंदौर, सोने की कलम।** इंदौर ही नहीं बल्कि प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय के जीर्णोद्धार का कार्य कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर जनसहयोग से तेजी से जारी है। जीर्णोद्धार के पहले चरण का कार्य आगामी मार्च महिने में पूरा हो जाएगा। इसके बाद दूसरा चरण प्रारंभ किया जाएगा जो बारिश के पूर्ण जून माह तक पूर्ण होगा। अस्पताल को प्रदेश का सबसे बेहतर और मॉडल हॉस्पिटल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस अस्पताल में बाल मरीजों के इलाज के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं भी जुटायी जायेगी।

यह जानकारी आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह, विधायक श्री गोलू शुक्ला, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर तथा श्री गौरव रणदिवे द्वारा जीर्णोद्धार कार्य की प्रगति की समीक्षा के लिए किये गए निरीक्षण के दौरान दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अशोक यादव, संयुक्त कलेक्टर श्री प्रदीप सोनी तथा प्रमुख रूप से जनसहयोग देने वाली संस्था क्रेडाई के श्री संदीप श्रीवास्तव भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री गोलू शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने जीर्णोद्धार के इस कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्य मानव सेवा का सबसे बड़ा कार्य है। अस्पताल के जीर्णोद्धार होने बच्चों के इलाज में बेहतर सुविधाएं और अनुकूल वातावरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि 200 बेड होने से यह प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल बच्चों के इलाज के लिए हो जाएगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि जनसहयोग से इस अस्पताल के जीर्णोद्धार का कार्य हाथ में लिया गया है। पहला चरण मार्च में पूर्ण होगा। इसमें लगभग पाँच करोड़ रुपये जनसहयोग से खर्च होंगे। दूसरा चरण भी बारिश के पूर्व जून माह में पूरा कर लिया जाएगा। इसमें भी लगभग तीन करोड़ रुपये खर्च होंगे। अस्पताल में बेड की संख्या 100 से बढ़ाकर 200 की जा रही है। चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या भी बढ़ाई जायेगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा इंदौर शहर में जनसहयोग से 17 और जीर्णोद्धार के कार्य कराये जा रहे है इनमें से 13 कार्य लगभग पूर्ण हो गए है। शेष कार्य प्रगति पर है वह भी जल्द पूरे हो जाएंगे। इनमें अधिकांश कार्य शमशान घाटों के जीर्णोद्धार के है। अन्य कार्यों में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय विभाग से जुड़ी संस्थाओं के जीर्णोद्धार के हैं।

# स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं के लिए पश्चिम क्षेत्र बिजली कंपनी ने दी एक और सुविधा

## ऊर्जामंत्री और अपर मुख्य सचिव ने दी बिजली अधिकारियों को बधाई

**◆इंदौर, सोने की कलम।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने स्मार्ट मीटर से संबंद्ध उपभोक्ताओं को गुरुवार से एक और सुविधा प्रदान की हैं। यदि किसी स्मार्ट मीटर से संबंधित उपभोक्ता का कनेक्शन बकाया बिल राशि तय समय तक जमा नहीं करने पर ऑटोमेटिंक कटता हैं, तो ऑन लाइन, कैशलेस तरीके से बिल भरते ही उसका कनेक्शन कुछ मिनट में ही पुनः जुड़ जाएगा। उसे बिजली कार्यालय आने या किसी को फोन करने, जमा रसीद भेजने की आवश्यकता नहीं होगी। मप्र में सबसे पहले इंदौर से स्मार्ट मीटर कन्ज्यूमर ऑटोमेशन प्रक्रिया प्रारंभ होने और नई उपभोक्ता सुविधा प्रदान करने पर ऊर्जामंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई ने कार्मिकों को बधाई दी हैं।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि सबसे पहले ऑटोमेशन की यह सुविधा 2020 से 2024 तक लगे स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को प्रदान की गई है। इसके लिए कंपनी की सूचना प्रौद्योगिकी शाखा, पेमेंट गेटवे सिस्टम और स्मार्ट मीटर परियोजना शाखा को एक दूसरे से रियल टाइम संबंद्ध किया गया हैं। बिजली कंपनी उपभोक्ताओं के नियत तिथि तक बिल राशि जमा करने की सुविधा व राशि जमा करने का संदेश देती है, इसके बाद भी यदि स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं की बकाया राशि जमा नहीं होने पर बिजली ऑटोमेटिक रूप से कटती हैं। तो बिल राशि एवं बिजली कनेक्शन काटने, जोड़ने की राशि सहित कुल बिल मोबाइल/कम्प्यूटर पर दिखेगा। उक्त कुल बिल राशि जमा करते ही कनेक्शन अपने आप जुड़ जाएगा। इस सुविधा के लिए पेमेंट गेटवे से सूचनाएं तुरंत ही बिजली कंपनी की सूचना प्रौद्योगिकी शाखा के पास आएगी, कुछ सेकंड में यह सूचना अपने आप स्मार्ट मीटर परियोजना के सर्वर तक पहुंच जाएगी , फिर कनेक्शन अपने आप जुड़ जाएगा। प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि पहले चरण में यह सुविधा 2020 से 2024 के बीच लगे 7.25 लाख स्मार्ट मीटर से संबद्ध उपभोक्ताओं को दी गई है। इस अवधि के पहले के स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को भी यह सुविधा प्रदान करने के लिए विभागीय तौर पर कार्य किया जा रहा हैं। कंपनी की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने ऑटोमेशन कार्य के लिए सूचना प्रौद्योगिकी शाखा और स्मार्ट मीटर शाखा की टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत से ही उपभोक्ताओं को सौगात दी जा सकी हैं।

# एयरपोर्ट परिसर और परिधि क्षेत्र में सुरक्षा सहित सफाई और पर्यावरणीय मानकों का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हो

## कचरा फेंकने वालों पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई की जाए - संभागायुक्त श्री सिंह

**संभागायुक्त श्री सिंह की अध्यक्षता में विमानतल पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक हुई**



**◆इंदौर, सोने की कलम।**
विमानतल पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि एयरपोर्ट परिसर और परिधि क्षेत्र में सुरक्षा सहित सफाई और पर्यावरणीय मानकों का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बिजासन टेकरी क्षेत्र एवं नेनोद ग्राम पंचायत क्षेत्र में सफाई अभियान नियमित रूप से संचालित हो। कचरा फेंकने वालों पर स्पॉट फाइन की कार्वाई की जाए। आमजन सहित क्षेत्र में दुकानदारों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया जाए। उक्त क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाकर सतत निगरानी भी रखी जाए।

बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, आईडीए सीईओ श्री राम प्रकाश अहिरवार, एडीएम श्री रौशन राय, देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट के निदेशक श्री वीके सेठ, एयरपोर्ट सेफ्टी मेनेजर श्री सुमित कुमार तिवारी, सहित बीएसएफ, पीएचई, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने एयरपोर्ट क्षेत्र में पर्यावरणीय सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने एयरपोर्ट परिसर में सुरक्षा संबंधित किये जाने वाले प्रबंधों की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि एयरपोर्ट और विमानों के सुरक्षा मानकों अनुसार निर्धारित क्षेत्र में तय मानकों और अनुमति से अधिक हाईट की बिल्डिंगें हैं, जिनके कारण विमान सुरक्षा को लेकर कोई समस्या हो ऐसे निर्माण को हटाने की कार्वाई की जाए। इसके लिए टीम के द्वारा सर्वे किया जाकर ऐसे भवनों को चिन्हांकित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि इसके लिए अनावश्यक किसी को परेशानी ना हो।

बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि एयरपोर्ट पर वीआईपी आगमन के दौरान बेहतर सुरक्षा और प्रबंधों को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने टारमेंट क्षेत्र में भी आवश्यक प्रबंध संबंधी निर्देश दिए।

## सी.एच.ओ. की गेटकीपर ट्रेनिंग आयोजित हुई



**◆इंदौर, सोने की कलम।**
राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वाधान में आज सी.एम.एच.ओ. डॉ. बी.एस. सैत्या तथा सिविल सर्जन डॉ.जी.एल.सोडी के मार्गदर्शन में मनकक्ष टीम द्वारा जिले के सी.एच.ओ. की प्रथम बैच की गेटकीपर ट्रेनिंग हुई। प्रथम बैच की ट्रेनिंग के उद्घाटन सत्र को डॉ. सैत्या, मनोचिकित्सक एवं प्रभारी मनकक्ष डॉ. बलराम पाटीदार एवं क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट पूर्णिमा सोनकर द्वारा संबोधित किया। प्रशिक्षण में आत्महत्या के कारणों, जोखिम कारकों एवं गेटकीपर के रूप में की जाने वाली कार्यवाही के बारे जानकारी दी गई। प्रशिक्षुओं को मनकक्ष, टेली मानस एवं मनहित एप्प के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि जिले में 10 प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से सभी सी.एच.ओ., आशा सुपर वाइज़र एवं ए.एन.एम. को गेटकीपर के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



**◆इंदौर, सोने की कलम।**
संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज संभाग स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आईजी श्री अनुराग, सीसीएफ श्री रमेश गणावा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि वन क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों की बेदखली के लिए प्रशासन, पुलिस और वन विभाग द्वारा संयुक्त कार्वाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि वन्य प्राणियों के वन क्षेत्र से राजस्व क्षेत्र में आने के दौरान रेस्क्यू ऑपरेशन और कानून व्यवस्था के लिए तत्काल और उचित प्रबंध किए जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि वनक्षेत्र सीमा में लगे राजस्व क्षेत्र में बिना मुंडेर के कुँओं पर मुंडेर बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से आवश्यक कार्वाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि वन्य क्षेत्र में नियमित मॉनिटरिंग रखी जाए। कहीं भी वन्य प्राणियों के शिकार की घटना न हो।

## चाइनीज़ धागे का उपयोग रहेगा प्रतिबंधित - आदेश जारी

**◆इंदौर, सोने की कलम।**
**पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने इंदौर नगर ( मेट्रोपोलिटन एरिया ) में चाइनीज़ धागे के उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत जारी किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जाएगी।**

इन्दौर नगर (मेट्रोपोलिटन एरिया) की सीमा में चाइना धागे व घातक मांझे का पतंगबाजी में उपयोग करने से कानून एवं व्यवस्था तथा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की स्थिति को रोकने व आमजन के जान-माल को आसन्न खतरा उत्पन्न होने की स्थिति को रोकने हेतु चाइना धागे एवं घातक मांझे का उपयोग, विक्रय एवं भण्डारण को प्रतिबंधित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। यह आदेश जारी दिनांक से 30 जनवरी 2025 तक लागू रहेगा। इस आदेश अथवा इस आदेश के किसी अंश का उल्लंघन करना अन्य अधिनियमों के साथ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध रहेगा।

## शासकीय उद्यान फलबाग एवं उद्यान रेसीडेंसी इन्दौर की अमरूद फलबहार विक्रय के लिए निविदा आमंत्रित

**◆इंदौर, सोने की कलम।**
उप संचालक उद्यान श्री डी.एस. चौहान ने बताया कि फलबहार क्रेता एवं व्यापारियों शासकीय उद्यान फलबाग एवं शासकीय उद्यान रेसीडेंसी इन्दौर की वर्ष 2024-25 की अमरूद फलबहार विक्रय हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित कर विक्रय की कार्यवाही की जाना है। इसके लिए इच्छुक केतागण कार्यालयीन समय में रोपणियों में स्थित अमरूद फलबाग को अवलोकन कर एवं जारी शर्तो का अध्ययन करने के उपरांत कार्यालय उद्यान विकास अधिकारी शासकीय उद्यान फलबाग अर्जुननगर अवासा टाउनशिप के सामने ए.बी. रोड इन्दौर एवं कार्यालय उद्यान विकास अधिकारी शासकीय उद्यान रेसीडेंसी इन्दौर में निर्धारित शुल्क 100 रुपये जमा कर निविदा पत्रक क्रय करने के उपरांत प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने बताया कि शासकीय उद्यान फलबाग इन्दौर में 11 दिसम्बर 2024 को समय दोपहर 3 बजे एवं शासकीय उद्यान रेसीडेंसी इन्दौर में 12 दिसम्बर 2024 को समय दोपहर 3 बजे जिला कार्यालय द्वारा गठित दल के द्वारा निविदाकर्ताओं के समक्ष प्राप्त निविदाएं खोली जायेगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय उद्यान विकास अधिकारी अथवा उप संचालक उद्यान कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

## साक्षात्कार के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा

**◆इंदौर, सोने की कलम।**
इंदौर के शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में अनुसूचित जाति और जनजाति के ऐसे उम्मीदवार जो विभिन्न विषयों के सहायक प्राध्यापक पदों के लिए साक्षात्कार दे रहे है उन्हें साक्षात्कार का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए वे संस्थान में पूछ कर आवेदन जमा कर सकते है।

## रबी सीजन के फसलों के लिये जिले में फसल बीमा कार्य प्रारंभ

**◆इंदौर, सोने की कलम।**
प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत इंदौर जिले में रबी सीजन 2024-25 में फसलों का बीमा 1 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हो गया है। किसान 31 दिसंबर तक अपने फसल का बीमा करवा सकते हैं। उप संचालक कृषि श्री शिवसिंह राजपूत ने बताया कि जिले की समस्त तहसीलों में फसल बीमा सप्ताह 1 दिसंबर से 7 दिसंबर 2024 तक चलाया जा रहा है, जिसका शुभारंभ उप संचालक कृषि श्री शिवसिंह राजपूत एवं एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के जिला प्रबंधक श्री गौरव भाटी द्वारा उप संचालक कृषि कार्यालय इंदौर में किया गया। जिले में विगत वर्ष रबी 2023 में 1.21309 लाख हेक्टर बीमा हुआ था। डिफॉल्टर एवं अऋणी कृषक भी सीएससी एवं बैंक के माध्यम से बीमा करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए एसबीआई एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले से संपर्क कर कृषक अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं।

# आरटीओ की कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर यात्री बसों पर कार्यवाही

## 20 से अधिक वाहनों से वसूला 60 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना

**◆इंदौर, सोने की कलम।** इंदौर में कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर लोक परिवहन वाहनों बसों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। इस अभियान के तहत आज क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के उड़नदस्ते द्वारा वाहनों की विशेष चेकिंग की गई। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों बसों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है, जिसमें वाहनों के फ़िटनेश, परमिट, बीमा, PUC, कर प्रमाण पत्र, बसों में ओवरलोडिंग ,अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर HSRP नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। वाहन की गति ,स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की



जा रही है। उन्होंने बताया कि आज विशेष रूप से इंदौर से पीथमपुर, इंदौर से मानपुर इंदौर से इंडोरामा रूट की बसों की चेकिंग की गई । यात्रियों से अधिक किराया लेने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने परमिट शर्तों का उल्लंघन करने, बसों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 20 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया । साथ ही 02 स्कूली वाहन मैजिक ओमनी वाहन बिना दस्तावेज के संचालित पाए जाने से इन्हें जब्त किया गया। इस दौरान वाहनों से 60 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया।


# निजी अस्पतालों में जाँच व उपचार शुल्क की सूची लगाना अनिवार्य

**◆इंदौर, सोने की कलम।** राज्य शासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशानुसार जिले के निजी चिकित्सालयों एवं नर्सिंग होम को अब जॉच व उपचार में लगने वाले शुल्क की सूची अनिवार्य रुप से लगाना होगी। सरकार ने यह भी तय किया है कि अगर कोई निजी चिकित्सालय/नर्सिग होम अपने यहाँ उपचार और जाँच के शुल्क में कोई परिवर्तन करना चाहता है, तो उसे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इसकी सूचना लिखित में देना होगी एवं संशोधित शुल्क सूची को प्रमुखता से प्रदर्शित करना होगा।

आयुक्त स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण राठी ने प्रदेश के सभी निजी चिकित्सालयों एवं नर्सिंग होम के लिए इस संबंध में निर्देश जारी किए है। कहा गया है कि प्रदेश के नागरिकों के हितों कि रक्षा करते हुए अपने बेहतर एवं पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए यह महत्वपूर्ण है। निजी चिकित्सालयों एवं नर्सिंग होम को काउंटर पर शुल्क सूची को प्रदर्शित करना अनिवार्य है। रोगी या उनके परिजनों द्वारा मांग करने पर शुल्क सूची दिखाना अस्पताल प्रबंधन का दायित्व भी है। निजी चिकित्सालयों एवं नर्सिंग होम द्वारा प्रदर्शित सूची के अलावा शुल्क लेना नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। मनमानी शुल्क लेने की घटनाओं को रोकने के लिए सतत् निरीक्षण करने के निर्देश भी स्वास्थ्य आयुक्त ने दिए हैं।

# पतंगबाजी में चायनीज धागे के उपयोग, भंडारण और विक्रय पर लगाया गया प्रतिबंध

## आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध होगी कार्यवाही



**◆इंदौर, सोने की कलम। इंदौर जिले में जनसामान्य के जान-माल और हितों की सुरक्षा तथा लोक शांति बनाये रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने पतंगबाजी में चायनीज धागे के उपयोग, भंडारण और विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है। इस संबंध में उन्होंने भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्यवाही की जायेगी।**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा इस संबंध में जारी आदेशानुसार इन्दौर जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में चायना के धागे को पतंगबाजी में उपयोग करने को प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही इसके भंडारण तथा विक्रय पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आयेगा। मीडिया व अन्य जन सामान्य द्वारा यह तथ्य ध्यान में लाया गया है कि पतंगबाजी में उपयोग होने वाले चायना के धागे के उपयोग से पक्षियों व जनसामान्य को हानि पहुंच रही है। कई बार चायना के धागे से पतंग उड़ाते समय पक्षी इसमें उलझ कर फस जाते है और घायल हो जाते है, कई बार तो पक्षियों की मृत्यु तक हो जाती है। इस धागे से पतंगबाजी के दौरान रोड़ पर चलने वाले राहगीर भी कई बार घायल हो जाते है। चायना धागे की मजबूती हादसों का कारण है व इस धागे का उपयोग पतंगबाजी में किये जाने से पशु-पक्षियों व जन सामान्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। निकट भविष्य में मकर संक्रान्ति पर्व आने वाला है तथा इस त्यौहार पर बड़ी संख्या में पतंगबाजी की जाती है । इस प्रकार चायना के धागे का पतंगबाजी में उपयोग की गतिविधियों पर रोकथाम की दृष्टि से इसके उपयोग को प्रतिबंधित किये जाने की तत्काल आवश्यकता देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने उक्त आदेश जारी किया है।

# हम होंगे कामयाब अभियान के तहत दिलायी गई सुरक्षा संबंधी शपथ

**◆इंदौर, सोने की कलम।** राज्य शासन के निर्देशानुसार इंदौर जिले में हम होंगे कामयाब अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा संबंधित विभिन्न पहलुओं पर आधारित जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। इसके तहत आज दृष्टि आई ए एस अकादमी इंदौर में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा, महिला सुरक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में हम होंगे कामयाब अभियान के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जारी किये गए संदेश को सुनाया गया। डॉ. वंचना सिंह परिहार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं संबंधी कानून, वन स्टॉप सेंटर, 1098,



1930, 181, 112 तथा ऊर्जा डेस्क की जानकारी दी गई। जेंडर संवेदनशीलता और भेदभाव उन्मूलन पर बात की गई। बच्चों को व्यवहारिक जीवन में आने वाली समस्याओं के निदान हेतु जागरूक किया गया। महिला सुरक्षा शाखा के सब इंस्पेक्टर श्री शिवम ठक्कर द्वारा साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी दी गई। उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में श्री आशीष ने भी उद्बोधन दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक चेतन गन्धे के लिए चेतन ग्राफिक्स, 135, नगर निगम मार्केट, सुभाष मार्ग, वीआईपी स्टेशनरी के सामने, इंदौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं 109, बाणगंगा मेनरोड़, इंदौर ( म.प्र. ) से प्रकाशित।
संपादकः चेतन गन्धे, मो. : 9893157809 Email : sonekikalam@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।)